प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक,
सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय एवं अध्ययनशाला,
जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म.प्र.)

Exam N. 2584 फ़ो 16-6-2015

विषय – विश्वविद्यालय कार्यालय से अंकसूची प्राप्त करने बावत्।

संदर्भ – विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2014/1729 दिनांक 22.11.2014.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर 2014 के अधिकांश परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं, जिनकी अंकसूची समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला अपना प्रतिनिधि भेजकर विश्वविद्यालय कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

ज्ञात हो विश्वविद्यालय ने अधिसूचना क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2014/1729 दिनांक 22.11.2014 के माध्यम से सूचित किया था कि समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला अंकसूची विश्वविद्यालय कार्यालय में अपना प्रतिनिधि भेजकर प्राप्त करेंगे। इस संबंध में प्रायः देखने में आ रहा है कि अधिकांश सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला विश्वविद्यालय कार्यालय से अंकसूची प्राप्त नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण छात्र–छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अतः समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला के प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक को सूचित किया जाता है कि वे अनिवार्य रूप से प्रतिनिधि भेजकर विश्वविद्यालय कार्यालय से अंकसूची प्राप्त करें। यहां विशेष ध्यान रखें कि जो प्रतिनिधि अंकसूची लेने विश्वविद्यालय कार्यालय आ रहा है, उसके साथ एक आवेदन–पत्र भेजें, जिसके ऊपर संबंधित प्रतिनिधि का फोटोग्राफ (प्राचार्य द्वारा अग्रेषित) किया हो और जिन कक्षाओं की अंकसूची लेनी हो, उसका विवरण अंकित हो।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. उप/सहायक–कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. अनुभाग अधिकारी (परीक्षा विभाग), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. संबंधित कक्षा प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. ऑनलाइन इंचार्ज, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की ओर सूचनार्थ कि यह सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करायें।

उपकुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)